प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

21.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

हैलीकॉप्टर सेवा

केंद्र सरकार से मंजूरी मिलने के बाद उड़ान योजना के तहत शिमला के संजौली हैलीपोर्ट से आज से चंड़ीगढ़, कुल्लू और रिकांगपिओ के लिए हवाई सेवाएं शुरू हो गई हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज रिकांगपिओ के लिए पहली उड़ान को हरी झंडी दिखाकर शुभांरभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हैलीकॉप्टर सेवाएं शुरू होने से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और लोगों के समय की बचत होगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि शिमला से रिकांगपिओ के लिए दिन में एक और कुल्लू–भूंतर के लिए दो उड़ाने हेरिटेज एविएशन संचालित करेगा। इसी तरह पवन हंस लिमिटेड की हैलीटैक्सी चंडीगढ़–शिमला रूट पर सप्ताह में तीन दिन सोमवार, शुक्रवार व शनिवार को उड़ान भरेगी।

अटल पेंशन योजना

केंद्र सरकार ने अटल पेंशन योजना को 2030–31 तक जारी रखने के साथ ही प्रचार और विकासात्मक गतिविधियों के लिए वित्तीय सहायता बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। यह योजना मई 2015 में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को वृद्धावस्था में आय सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। यह निर्णय आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल बैठक में लिया गया। यह योजना 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने के बाद प्रति माह एक हजार से पांच हजार रुपये तक की न्यूनतम गारंटीकृत पेंशन प्रदान करती है, जो लाभार्थी के योगदान पर निर्भर करती है। इस योजना के अंतर्गत अब तक आठ करोड़ 66 लाख से अधिक लाभार्थी पंजीकृत हो चुके हैं।

जयराम ठाकुर

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि वर्तमान कांग्रेस सरकार प्रदेश की समस्याओं के समाधान में पूरी तरह विफल रही है। कांगड़ा एयरपोर्ट में आज पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने कहा कि सरकार के वरिष्ठ मंत्री मुख्यमंत्री की कार्यप्रणाली पर सार्वजनिक रूप से प्रश्नचिन्ह लगा रहे हैं जिससे कांग्रेस की आपसी कलह स्पष्ट हो चुकी है।

पंचायती राज चुनावों को लेकर जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार डिजास्टर एक्ट का सहारा लेकर इन चुनावों को टालने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव समय पर करवाए जाने चाहिए।

विक्रमादित्य सिंह

केन्द्र सरकार ने वर्ष 2025–26 के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना–4 के बैच–एक के तहत हिमाचल प्रदेश द्वारा प्रस्तावित 2 सौ 94 सड़क परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला में ये जानकारी देते हुए बताया कि इसकी कुल लागत 2 हजार 2 सौ 47 करोड़ 24 लाख रूपए है। उन्होंने बताया कि इस राशि में से 2 हजार 19 करोड़ 70 लाख रूपए ग्रामीण विकास मंत्रालय जबकि 2 सौ 27 करोड़ 54 लाख रूपए की राशि राज्य सरकार द्वारा वहन की जाएगी। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि इन स्वीकृत परियोजनाओं से राज्य के ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्र में सड़क सम्पर्क में उल्लेखनीय सुधार होगा। लोक निर्माण मंत्री ने इसके लिए केन्द्र सरकार का आभार जताया है।

सिकंदर कुमार

राज्यसभा सांसद व प्रदेश भाजपा महामंत्री डॉक्टर सिकंदर कुमार ने भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन को बधाई देते हुए कहा कि पार्टी को एक युवा व ऊर्जावान नेतृत्व मिला है। उन्होंने उम्मीद जताई कि नितिन नबीन के युवा नेतृत्व, संगठनात्मक क्षमता और कार्यकर्ताओं से गहरा जुड़ाव पार्टी को और अधिक सशक्त बनाएगा। डॉक्टर सिकंदर कुमार ने केन्द्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को भी उनके सफल, सशक्त व ऐतिहासिक कार्यकाल के लिए बधाई दी।

———————————————